Jaipur, Tuesday, 28 April 2026 | @Fair Report | @Fair_report | @fairreportnews | @Fair report | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 223 Pages 04 | ₹3.00

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN




# Sikkim@50: Grand Finale in Gangtok Marked by Roadshow, Public Fervour

FAIR REPORT

**Gangtok:** The golden jubilee celebrations of Sikkim's statehood culminated on a high note in Gangtok, as the closing ceremony of the 50th Statehood Day brought together cultural pride, political symbolism, and public enthusiasm in equal measure.

The visit began with a high-energy roadshow through the heart of the city, drawing large crowds who lined the streets to witness the moment. The atmosphere was marked by vibrant displays of local culture, traditional attire, and a strong sense of pride among residents celebrating five decades of Sikkim's integration as a full-fledged Indian state.

Addressing the gathering, the visiting dignitary expressed gratitude for the warm reception, stating that it was "wonderful to be in Gangtok" and to participate in the milestone celebration. The acknowledgment of the "blessings and affection" of the people reflected the emotional connection between the leadership and citizens during such landmark occasions.

Sikkim, which became India's 22nd state in 1975, has often been cited for its progress in sustainable development, environmental conservation, and social indicators. The 50-year milestone thus served not only as a celebration of history but also as a reflection on governance and growth.

The closing ceremony featured cultural performances, official addresses, and a reaffirmation of the state's developmental vision. As the curtains fell on the year-long celebrations, the event underscored Sikkim's journey from a Himalayan kingdom to a model state, while reinforcing a collective aspiration for the future.

# GRAM Rath Abhiyaan Launched in Jaipur; Focus on Grassroots Outreach

BY HEMRAJ TIKAMCHAND
FAIR REPORT

**Jaipur:** The GRAM Rath Abhiyaan was formally launched in Jaipur on Monday, marking a renewed push by the state government to strengthen grassroots engagement and improve last-mile delivery of public services.

The launch function was attended by Union Minister Nitin Nabin and Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma, along with senior officials of the Government of Rajasthan.



The programme underscored the administration's emphasis on direct outreach to rural populations through coordinated campaigns. Officials indicated that the GRAM Rath Abhiyaan aims to enhance awareness of government schemes, ensure timely dissemination of information, and facilitate on-ground grievance redressal. The initiative is expected to deploy mobile units across districts to bridge communication gaps between citizens and the administration.

Addressing the gathering, dignitaries highlighted the importance of inclusive governance and efficient service delivery at the village level. The presence of senior leadership at the launch reflects the state's intent to prioritise rural development and participatory governance.

The campaign is set to roll out in phases, with monitoring mechanisms to assess its impact and reach across Rajasthan.

## After Delhi HC Setback, Kejriwal Calls for 'Satyagraha', Triggers Political Face-off

**New Delhi:** A fresh political confrontation has erupted after AAP chief Arvind Kejriwal announced a 'Satyagraha' following the dismissal of his recusal plea by the Delhi High Court. The court's decision has intensified the ongoing legal and political battle surrounding the case. Kejriwal termed the move a stand for "truth and justice", invoking the language of civil resistance. However, critics have dismissed the step as political posturing, arguing that judicial setbacks are being reframed as moral campaigns to retain public sympathy. Legal experts note that the High Court's refusal to entertain the recusal argument underscores the judiciary's adherence to procedural integrity. Meanwhile, the AAP leadership maintains that the protest is aimed at highlighting alleged institutional bias. The development has sharpened the political narrative in the capital, with the ruling party and opposition exchanging sharp reactions. As the situation unfolds, the intersection of legal strategy and political messaging is likely to remain at the centre of public discourse.

## JAIPUR LAND SCAM PROBE NEARS FLASHPOINT; ATTACHMENT PROCEEDINGS LIKELY NEXT WEEK

FAIR REPORT

**Jaipur:** The investigation into a high-profile land scam in Rajasthan appears to be approaching a decisive stage, with enforcement agencies tightening the legal net around Pramod Sharma, alleged to be linked to the Chief Minister's family. Officials indicate that a third and "final" notice is likely to be issued shortly, after which coercive measures—such as attachment of property and proclamation—may follow if the accused fails to appear.

According to police sources, Sharma's continued absence and non-compliance with earlier notices are now being treated as grounds for escalated action. The delay in immediate enforcement, sources suggest, was partly due to administrative prioritisation during the visit of senior leaders of the Bharatiya Janata Party. The defence has contested the process, terming it procedurally unfair. Counsel argue that a notice issued on the 16th, requiring appearance by 9 a.m. the following day, violates principles of natural justice by denying "reasonable time" for preparation. They are preparing to challenge the notice in court, citing judicial precedents that emphasise fairness over strict timelines.

Investigators, however, maintain that the accused's alleged evasion weakens such claims. Meanwhile, unverified reports of Sharma seeking refuge in religious premises—including associations circulating online with Bageshwar Dham and Swami Ramabhadracharya—have added a new dimension to the probe. With legal arguments and enforcement measures converging, the case now stands at a critical juncture. The coming days are expected to determine whether the investigation transitions into decisive punitive action.

## Centre Plans Barrier-Free Tolling System with FASTag Automation

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Union government is preparing to roll out a barrier-free toll collection system on national highways, aiming to eliminate stoppages at toll plazas and enable seamless vehicular movement. Union Minister for Road Transport and Highways Nitin Gadkari said the proposed system will leverage FASTag-based automatic deductions, supported by artificial intelligence, RFID technology, cameras, and sensor networks to identify vehicles in motion. The move is expected to significantly reduce travel time, fuel consumption, and congestion at busy toll points. Under the new framework, vehicles will no longer be required to halt at toll plazas. Instead, toll charges will be deducted automatically as vehicles pass through designated corridors. Authorities are also planning to introduce digital enforcement mechanisms, including automated notices for violations such as non-compliance or misuse.

## Seven Years, No Exam: Rajasthan HC Class IV Recruitment Leaves 8 Lakh Aspirants in Limbo

FAIR REPORT

**Jaipur:** A prolonged administrative delay in the Rajasthan High Court's Class IV recruitment process has left over eight lakh aspirants in a state of uncertainty, raising serious concerns over governance, accountability, and the future of thousands of job seekers. The recruitment, first announced in 2019 for 3,678 posts, has yet to see a single examination conducted. In the intervening years, the process has not only stalled but also faced cancellation once, further deepening the frustration among candidates who have invested time, resources, and aspirations into securing government employment. Compounding the issue is a reported 333% increase in application fees, a move that has drawn sharp criticism from aspirants and observers alike. For many candidates from economically weaker backgrounds, the rising cost has added a financial burden to an already uncertain process. Candidates argue that the delay has disrupted career timelines, with many now crossing age limits for other government opportunities. "It is not just a delay; it is a systematic denial of opportunity," said an aspirant, reflecting a sentiment widely echoed across forums and social platforms.

# Rajasthan Police Freeze ₹1.1 Crore Assets in Anti-Narcotics Crackdown

FAIR REPORT

**Jaipur**: In a calibrated escalation of its anti-narcotics strategy, the Rajasthan Police has executed a financial clampdown on alleged drug traffickers under Operation Vajra Prahar, freezing assets worth approximately 1.10 crore in Baran district.

The action, undertaken by the Baran police under provisions of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, targets alleged trafficker Vishal Sansi, his father Balveer alias Ballu Sansi, and their associates. Authorities confirmed that the assets—identified as proceeds of the illicit drug trade—have been permanently frozen, prohibiting their use, sale, or transfer.

Superintendent of Police Abhishek Andasu stated that the operation reflects a "zero-tolerance policy" aimed not only at arresting offenders but also at dismantling the economic backbone of narcotics networks. "The objective is to ensure that crime does not pay," he said, underscoring a shift towards financial disruption in law enforcement strategy.



Investigations revealed a pattern of disproportionate assets, with limited declared income contrasted with financial transactions of nearly 30 lakh over the past year. Earlier action had also led to the seizure of 24.308 kilograms of cannabis, valued at approximately 48.61 lakh in the international market.

Based on financial scrutiny, the Chhabra police station submitted a case before the competent authority in New Delhi under Section 68F of the NDPS Act. Following a two-month adjudication process, the authority upheld the action, authorising the permanent freezing of the identified properties.

The assets include a residential property, a car, a motorcycle, and a scooter, each verified and evaluated through coordinated efforts involving the district administration, the revenue department, the public works department, and transport authorities.


Officials indicated that such actions will continue as part of a broader enforcement doctrine targeting both the operational and financial dimensions of drug trafficking networks.

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का राजस्थान दौरा : कहा-इस बार बंगाल में भी कमल खिलेगा, ईआरसीपी योजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी

# अंग से कलिंग तक बढ़ रहा है भाजपा का शासन: नितिन नवीन










FAIR REPORT
जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को राजस्थान दौरे पर रहे। अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला राजस्थान दौरा था। इस मौके पर नितिन नवीन ने भजनलाल सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार महिला, युवा, किसान के लिए कार्य कर रही है। युवाओं के रोजगार के लिए भजनलाल सरकार ने निवेश को बढ़ावा दिया, महिलाओं के कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार लखपति दीदी, ड्रोन दीदी सहित विभिन्न योजनाओं को शुरू किया। इतना ही नहीं, ईआरसीपी योजना हमारे किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के चलते इस बार बंगाल में भी कमल खिलेगा। मुझे खुशी है कि अंग से कलिंग तक भाजपा का शासन बढ़ रहा है।

प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि टोंक भाजपा का मजबूत केंद्र है और यहां के कार्यकर्ताओं की मेहनत सराहनीय है। उन्होंने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि वीरों और राष्ट्रभक्तों की रही है और भाजपा उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। अब हमें भी भाजपा के राष्ट्र निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाना है। उन्होंने भाजपा के मूल मंत्र "सेवा ही संकल्प" को दोहराते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

## राष्ट्रहित में कार्य करने वाली ताकतों का साथ दें : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करते हैं। राज्य सरकार पानी, बिजली, रोजगार, निवेश और आधारभूत ढांचे के विकास पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि 'राइजिंग राजस्थान' पहल के माध्यम से राज्य में बड़े निवेश आ रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में कार्यालय बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी



और कार्यकर्ताओं को कार्य करने के लिए सशक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे जागरूक रहें, अफवाहों से बचें और राष्ट्रहित में कार्य करने वाली ताकतों का साथ दें। उन्होंने कहा कि जब आम नागरिक मजबूत होगा तभी देश विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, हीरालाल नागर, विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुखवीर सिंह जोनपुरिया, भाजपा महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म होने से विपक्ष बेचैन : राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वैश्विक संकट के समय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखा और जरूरत पड़ने पर अन्य देशों की भी सहायता की। राठौड़ ने कहा कि आज बिचौलियों और भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म होने से विपक्ष बेचैन है और लगातार झूठ फैलाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में बिजली, पानी, सड़क और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मीडिया से बातचीत : पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट पर कसा तंज

# पायलट की दोनों टांगें कांग्रेस में, उम्मीद करता हूं अब वे हमें छोड़कर नहीं जाएंगे : गहलोत

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को लेकर तंज कसा। गहलोत ने कहा कि सचिन पायलट की दोनों टांगें कांग्रेस में हैं और मुझे उम्मीद है कि वो अब हमें छोड़कर नहीं जाएंगे। सोमवार को बंगाल से जयपुर आए पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल की ओर से सचिन पायलट को बहरूपिया बताए जाने के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा कि सचिन पायलट की दोनों टांगें कांग्रेस में हैं और कांग्रेस में ही रहेंगी। अब वो भटकेंगे नहीं। पहले वो हमारे लोगों को गुमराह करके मानेसर ले गए थे, लेकिन अब सचिन पायलट को भी अनुभव हो गया है कि इस प्रकार की गलती करने के क्या अंजाम होते हैं। अब वो समझ गए हैं, संभल गए हैं। हमारी पूरी पार्टी उनके साथ एकजुट है। राजस्थान भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने सचिन पायलट को लेकर कहा था कि टोंक का विधायक बहरूपिया है। उसकी एक टांग टोंक में रहती है एक पता नहीं कहां रहती है, इसीलिए हम टोंक में सभा करके यहां की चारों सीटें जीतेंगे।

## बंगाल में लोगों को डराया जा रहा

उन्होंने कहा कि चुनाव कोई भी जीते, लेकिन निष्पक्ष चुनाव होने चाहिए। बंगाल में लोगों को डराया धमकाया जा रहा है, पैरामिलिट्री फोर्स और बख्तर बंद गाड़ियां नजर आ रही हैं, जैसे यहां पर चुनाव नहीं कुछ और हो रहा हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से संघ और भाजपा काम कर रहे हैं यह लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। अगर बंगाल में भाजपा की जीत होती है तो यह भाजपा की जीत नहीं बल्कि चुनाव आयोग की ओर से अपनाए जा रहे हथकंडों की जीत होगी। बंगाल चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बंगाल में धनबल का दुरुपयोग हो रहा है। चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। आजादी के बाद यह पहला मौका है जब इस तरह से चुनाव आयोग की भूमिका सामने आई है। बंगाल में इस तरह का आतंक पहले कभी नहीं देखा है। एसआईआर का आतंक अलग ही है। 90 लाख लोगों के वोट काट दिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 21 लाख लोग वोट नहीं डाल पाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग को चुनाव स्थगित करने चाहिए थे यह उनकी ड्यूटी है। लोकतंत्र को बचाने के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी को लेकर कहा कि राजस्थान में एजेंसियां फेल हैं। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज राजस्थान में नहीं बची है।

## 5 हजार का इनामी बदमाश कान्हा ठाकुर गिरफ्तार

FAIR REPORT
जयपुर

श्याम नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम दक्षिण ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश कान्हा सिंह उर्फ कान्हा ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी हत्या, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त (सोडाला) सुनील शर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में श्याम नगर थानाधिकारी दलबीर सिंह और डीएसटी दक्षिण प्रभारी विशम्भर दयाल शामिल थे। मुखबिर की सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर टीम ने दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा।

## 'सुरक्षा और स्वच्छता पर कोई समझौता नहीं करेगा एमडीएस विश्वविद्यालय'

FAIR REPORT
जयपुर

जयपुर/अजमेर। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित प्रशासनिक समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सुरक्षा, स्वच्छता, छात्रावास, पार्किंग, जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन और बंदर समस्या जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा गार्डों की दैनिक ड्यूटी चार्ट अनिवार्य रूप से कुलगुरु सचिवालय व कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए और प्रत्येक गार्ड अपने निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहे। अनधिकृत प्रवेश की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए निगरानी प्रणाली को और



मजबूत करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने और ठेकेदारों के भुगतान को वास्तविक उपस्थिति से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही कैंपस में कचरा निस्तारण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने और लंबित सफाई कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। गार्गी छात्रावास की स्थिति पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि सेप्टिक टैंक को तुरंत प्रभाव से निर्मित किया जाएगा।

### नामांकन बढ़ाने के लिए महाअभियान

विश्वविद्यालय में अतिथि संकाय सदस्यों की बैठक भी आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य विवि में घटते विद्यार्थी नामांकन, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार और संस्थागत विकास को गति देना रहा। कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने विश्वविद्यालय में प्रत्येक शिक्षक को न्यूनतम 5 से 10 नए विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य दिया और प्रत्येक विभाग के लिए प्रथम सेमेस्टर में कम से कम 30 विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही।

स्टूडेंट काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह : धारव हाई स्कूल में एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह आयोजित, नेशनल सॉन्ग की भावपूर्ण प्रस्तुति दी

# लीडरशिप सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि संस्थान के प्रति एक जिम्मेदारी

FAIR REPORT
जयपुर

धारव हाई स्कूल, जयपुर ने एकेडमिक सेशन 2026–27 के लिए स्टूडेंट काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसके साथ ही एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह भी हुआ, जिसमें अजमेर रोड़ और विद्याधर नगर, दोनों कैंपस के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस मौके पर नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल का औपचारिक गठन किया गया और एकेडमिक्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। समारोह में डायरेक्टर अदिति मिश्रा, धारव हाई स्कूल विद्याधर नगर की प्रिंसिपल रितु शर्मा एवं धारव हाई स्कूल, अजमेर रोड़, जयपुर की प्रिंसिपल निशी धंजल के साथ अन्य आमंत्रित अतिथि, शिक्षक, स्टूडेंट्स और पैरेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद नेशनल सॉन्ग की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर दोनों कैंपस के स्टूडेंट्स एक साथ नजर आए, जिससे पूरे माहौल में उल्लास और ऊर्जा नजर आई।



समारोह के दौरान नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां औपचारिक रूप से सौंपी गईं। काउंसिल मेंबर्स ने अनुशासन, ईमानदारी, लीडरशिप और सेवा जैसे मूल्यों को निभाने की शपथ ली, साथ ही स्कूल कम्युनिटी के प्रति सकारात्मक योगदान देने का संकल्प भी लिया। यह आयोजन स्टूडेंट्स को यह समझाने का एक अवसर बना कि लीडरशिप सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि अपने साथियों, शिक्षकों और संस्थान के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

इस अवसर पर धारव हाई स्कूल की डायरेक्टर अदिति मिश्रा ने कहा, शपथ ग्रहण समारोह स्टूडेंट्स के सफर का एक अहम पड़ाव होता है, जहां उन्हें जिम्मेदारी, टीमवर्क और अकाउंटेबिलिटी का अनुभव मिलता है। स्कूल लाइफ सही में जीवन का सबसे बेहतरीन फेज होता है, जो ऐसी यादें और अनुभव देता है जो जिंदगी भर साथ रहते हैं। स्टूडेंट काउंसिल के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स सोच-समझकर फैसले लेने वाले लीडर बनें और अपने साथियों का प्रतिनिधित्व ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

### एकेडमिक टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित

एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहा, जिसमें लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और समर्पण दिखाने वाले एकेडमिक टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्टूडेंट्स को आर्ट और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एक्सीलेंस अवॉर्ड्स देकर उनकी विविध प्रतिभाओं को भी सराहा गया। विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई। इन पुरस्कारों ने छात्रों में मेहनत, लगन और पॉजिटिव लर्निंग एटीट्यूड के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम का समापन नेशनल एंथम के साथ हुआ, जिसके साथ समारोह का औपचारिक समापन किया गया। इस पूरे इवेंट ने स्कूल के दोनों कैंपस में स्टूडेंट पार्टिसिपेशन, लीडरशिप डेवलपमेंट और एकेडमिक रिकग्निशन पर लगातार फोकस को दर्शाया।

## क्यूआर कोड स्कैन से पता चलेंगे जयपुर हाईवे के ब्लैक स्पॉट

FAIR REPORT
जयपुर

जयपुर रेंज पुलिस की ओर से ब्लैक स्पॉट से बचाने के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। पिछले 3 सालों के एक्सीडेंथ में डेथ का लेकर ये क्यूआर कोड बनाया गया है। जो दुर्घटना संभावित स्थानों को दिखाकर सतर्क रहने के साथ ही जागरूक करेगा।

आईजी (जयपुर ग्रामीण) राहुल प्रकाश ने बताया- जयपुर रेंज पुलिस की ओर से दुर्घटना संभावित स्थानों के बारे में जानकारी देने के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया गया है। इस क्यूआर कोड को गूगल पर स्कैन करते ही वह जयपुर के हाईवे पर ब्लैक स्पॉट के बारे में बताएगा। इसमें हमे रेड, ओरेंज व येलो तीन तरीके के स्पॉट संकेतक दिखेंगे। यह स्पॉट संकेतक पिछले तीन सालों में दुर्घटना में हुई मृत्युदर के आधार पर दर्शाए गए है।

राहुल प्रकाश ने बताया- मेप में येलो (लो रिस्क जोन-सी टाइप) स्पॉट संकेतक है, उस जगह पर 10 से कम जनहानि हुई है। ओरेंज (मिडियम रिस्क जोन-बी टाइप) स्पॉट संकेतक, उस जगह पर 10 से 20 और रेड (हाई रिस्क जोन-ए टाइप) स्पॉट संकेतक, उस जगह पर 20 से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को इंगित करता है। इस तरह जयपुर रेंज के समस्त हाईवे पर इस क्यूआर कोड को स्कैन करके दुर्घटना संभावित स्थान (ब्लैक स्पॉट) के बारे में पता कर सकते है। जयपुर रेंज पुलिस की ओर से लोगों को सतर्क और जागरूक बनने के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है।

## ब्रीफ खबरें

### शाहपुरा जिला अस्पताल को मिला राष्ट्रीय 'मुस्कान' सर्टिफिकेट



**भीलवाड़ा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में शाहपुरा जिला अस्पताल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। केंद्र सरकार के 'मुस्कान' कार्यक्रम के तहत हुए बाह्य मूल्यांकन में अस्पताल ने 92.47 प्रतिशत अंक हासिल कर क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला यह जिले का पहला चिकित्सा संस्थान बन गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में केंद्रीय टीम ने बीती 6-7 मार्च को अस्पताल का गहन निरीक्षण किया था। इस दौरान मुख्य रूप से नवजात शिशु देखभाल इकाई, शिशु वार्ड और OPD की गुणवत्ता को परखा गया। टीम ने अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, नि:शुल्क दवा व जांच योजना, स्वच्छता प्रबंधन और बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण की सराहना की। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि पीएमओ डॉ. अशोक जैन व नोडल अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता के नेतृत्व में स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण देकर मानकों की पालना सुनिश्चित की गई थी। इस सफलता पर चिकित्सा जगत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल को जहां नवजात एवं शिशु सेवाओं में मिली उत्कृष्ट रेटिंग मिली वहीं उच्च स्कोर 92.47% अंक प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया। अस्पताल का रेफरल सिस्टम और अग्नि सुरक्षा मानकों पर भी खरा उतरा था।

### बारां पुलिस ने की ड्रग तस्करों की 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त



**बारां।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान 'ऑपरेशन वज्र प्रहार' के तहत पुलिस ने ड्रग तस्करों की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसा। इस अभियान में छबड़ा निवासी कुख्यात तस्कर बल्लू सांसी और विशाल सांसी की 1 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियां जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासू ने बताया कि जब्त संपत्तियों में जमीन, मकान और अन्य मूल्यवान संसाधन शामिल हैं। इन्हें तस्करों ने ड्रग्स के अवैध धंधे से कमाई राशि से खरीदा था। पुलिस की कार्रवाई को 'आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक' के रूप में देखा जा रहा है। इसका उद्देश्य मादक पदार्थ तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ना है। यह कार्रवाई नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 68F के तहत की गई है। उन संपत्तियों को जब्त किया जाता है, जो अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित की गई हों। पुलिस के अनुसार, ऐसी सख्त कार्रवाइयों से न केवल अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा और समाज में सशक्त संदेश जाएगा।

### धौलपुर में युवती पर की फायरिंग, पैर में लगे छर्रे, घटना से दहशत



**धौलपुर।** शहर के निहालगंज थाना इलाके की मयूरी नगर कॉलोनी में सोमवार शाम को बाइक सवार नकाबपोश युवक ने घर का गेट खुलवाकर 18 साल की युवती को गोली मार दी। छर्रे पैर में लगने से युवती घायल हुई है। पीड़िता के पिता ने घटना को लेकर पूरी जानकारी दी है। युवती के पिता ने बताया कि घर के सभी लोग बाहर गए थे। बेटी घर पर अकेली रह गई थी। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर घर के सामने पहुंच गया। आवाज लगाकर युवक ने गेट को खुलवा लिया। गेट खुलते ही युवक ने बेटी को जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। बेटी के पैर में गोली के छर्रे लगे हैं। हमलावर युवक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। इस घटना से कॉलोनी में दहशत फैल गई। पिता ने बताया कि बेटी को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। उधर मामले की खबर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस जिला अस्पताल पहुंच गई। घायल युवती से पुलिस ने पर्चा बयान लिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घटना स्थल के आसपास पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान सुनिश्चित कर रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### व्यापारी को अगवा कर फिरौती लेने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**बारां।** एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि आरोपियों ने एक व्यापारी को धमकाकर 1 करोड़ रुपए की मांग की थी, जिसमें से करीब 14 लाख रुपए उनसे वसूल भी लिए गए थे। पुलिस अब इन वसूले गए पैसों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। इसके अलावा, इस मामले में 3 अन्य संदिग्धों को डिटेन कर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर और भी खुलासे हो सकते हैं तथा पूरे गिरोह का नेटवर्क खंगाला जा रहा है। मामले की जांच जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 24 अप्रैल को एक कांच व्यापारी का अपहरण कर फिरौती लेकर छोड़ने की घटना हुई थी। इस पर वृताधिकारी बारां हरिराम सोनी, थानाधिकारी कोतवाली बारां भजनलाल जांगिड़, जिला विशेष टीम व साइबर टीम की 4 टीमों का गठन कर अलग-अलग स्थानों पर रवाना किया गया था। टीमों द्वारा प्रकरण के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोइन खान उर्फ मोनू निवासी तालाबपाड़ा, सुमित नागर निवासी तेल फैक्ट्री और साजिद उर्फ राइडर निवासी ओढपूरा तीनों जिला बारां हैं।

**विद्यार्थियों** के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में होगी वृद्धि तथा उद्योग और शिक्षा के समन्वय सुदृढ़ होगा

# माधव विश्वविद्यालय एवं पेडस्टल टेक्नो वर्ल्ड प्रा.लि. के बीच समझौता

FAIR REPORT

**आबूरोड़**

माधव विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा उद्योग और शिक्षा के समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जयपुर स्थित पेडस्टल टेक्नो वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता सम्पन्न किया गया।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक कार्यशालाओं का आयोजन, प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराना तथा उत्तम रोजगार सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पेडस्टल टेक्नो वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन प्रमुख अदिति शर्मा तथा




डिजिटल विपणन प्रमुख गजेंद्र गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजकुमार ने की। कार्यक्रम में प्रशिक्षण एवं नियुक्ति प्रकोष्ठ की संपूर्ण टीम उपस्थित रही, जिसमें निदेशक डॉ. अतुल मिश्रा, संयोजक श्रवण, सह-संयोजक सूरज, प्राची, रयान, अयान, फिरदौस, जयश्री एवं जानवी शामिल रहे। चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने अपने संदेश में कहा कि माधव विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह समझौता विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ज्ञान, प्रशिक्षण तथा बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।होम्योपैथी विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक सहयोग विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक दक्षता को नई दिशा प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण एवं करियर प्रकोष्ठ के प्रमुख ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करना है, और यह समझौता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अदिति शर्मा ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। गजेंद्र गौर ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल कौशल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक हैं।

### विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

माधव यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में पॉलीहाउस के भीतर खरीफ सीजन में शिमला मिर्च की वैज्ञानिक पद्धति से खेती



कर एक अनूठा प्रयोग किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिमला मिर्च की खेती सामान्यतः वर्ष में दो बार की जाती है, लेकिन गर्मियों में बाजार में सब्जियों की कमी के चलते इसकी मांग और कीमत दोनों बढ़ जाती हैं। चाउमीन, बर्गर, सलाद एवं विभिन्न सब्जियों में उपयोग होने के कारण यह फसल किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. गीतम सिंह ने बताया कि शिमला मिर्च सिरोही जिले के लिए अपेक्षाकृत नई फसल है, जिसका पॉलीहाउस में उत्पादन सफल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने खेत की तैयारी, बुवाई, निराई-गुड़ाई, कटाई से लेकर बाजार तक फसल पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई और तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। संस्थान का उद्देश्य आईसीएआर पाठ्यक्रम के सभी बिंदुओं को विद्यार्थियों से व्यावहारिक रूप में करवाना है।

**बांसवाड़ा के दो गांवों में तनाव:** रोकटोक से गुस्साए प्रेमी ने की प्रेमिका के भाई की हत्या...

# पुलिस छावनी बना टामटिया गांव, समझाइश जारी

FAIR REPORT

**बांसवाड़ा**

जिले के टामटिया गांव में रविवार रात प्रेमी ने टोकाटाकी पर क्रोधित होकर कुछ लोगों के साथ मिलकर प्रेमिका के भाई की हत्या कर दी थी। इस पर जबरदस्त बवाल हो गया, वहां सोमवार को भी तनाव के चलते दोनों गांव पुलिस छावनी बने रहे। दरअसल, युवक की हत्या पर गुस्साए युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया और उनके 30 से ज्यादा घरों में आग लगा दी। इस दौरान जमकर पथराव भी हुआ। फिर, रिपोर्ट देने मोटा गांव थाने पहुंचे लोगों ने कहा कि कुछ दिनों पहले आरोपी पक्ष के लोगों ने मृतक और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकियां दी थी। इसको लेकर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जांच अधिकारी हेमेंद्र सिह ने बताया कि इसी माह में दोनों पक्षों की तरफ से 3 केस दर्ज हुए थे। दोनों पक्षों को पाबंद करवाया गया





था। एक मामले में चालान भी पेश हो चुका। फिलहाल दोनों पक्षों से बात की जा रही है। समझाइश जारी है।

इधर, गुस्साए ग्रामीण सोमवार सुबह से ही मोटा गांव थाने में पहुंचे। ग्रामीणों ने मोटा गांव थाने के पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की। वारदात वाली जगह 4 थानों की पुलिस तैनात है। बांसवाड़ा शहर से रिजर्व फोर्स भी भेजी गई है। बाहर से आने वाले लोगों को गांव में आने से रोका जा रहा है।

### ग्रामीणों ने प्रशासन व पुलिस को गांव के बाहर रोका

पुलिस अधिकारियों का दावा है कि हत्या की जानकारी के बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को गांव में नहीं घुसने दिया। मोटा गांव के थानाधिकारी ने सोमवार को बताया कि हम लोग पहुंचे तो वहां एक घर में आग लगी थी। हमें आग बुझाने से भी रोक दिया गया था। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने कई घरों में आग लगा दी थी। गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार रात पुलिस व प्रशासन को गांव में घुसने नहीं दिया। वहीं, सोमवार को भी पूरा गांव सुरक्षा के घेरे में रहा।

### जले घरों में अब भी निकल रहा धुआं

टामटिया गांव में रविवार रात में करीब 10 बजे हमला हुआ था। इस दौरान आगजनी भी हुई थी। रात में ही फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों गांव में भेजी गई थी। कई घर जलकर राख हो गए हैं। जले हुए घरों से धुआं निकलता दिखाई दिया। हालात उस समय और बिगड़ गए, जब मौके पर पहुंची पुलिस पर भी भीड़ ने पथराव कर दिया

### एमपीएल में मंसूरी नाइट राइडर्स ने जीता खिताब



**भीलवाड़ा।** मंसूरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन-6 के फाइनल में मंसूरी नाइट राइडर्स ने मंसूरी चैलेंजर्स को 3 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। नाइट राइडर्स ने 60 रन बनाए थे, जिसके जवाब में चैलेंजर्स की टीम संघर्ष करते हुए लक्ष्य से चूक गई। विजेता टीम को 25,000 रुपए और उप-विजेता को 15,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि अब्दुल सलाम मंसूरी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए खेल के साथ शिक्षा में भी आगे बढ़ने का संदेश दिया। आयोजनकर्ता सोहेल मंसूरी ने बताया कि रफीक मंसूरी 'मैन ऑफ द सीरीज' और शोयब मंसूरी 'मैन ऑफ द मैच' रहे। कार्यक्रम में हमीद शेख, अनवर अंसारी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### सांड से टकराई स्कूटी, महिला डॉक्टर की मौत, गले में फंस गया था सींग

FAIR REPORT

**जोधपुर**

यहां शहर में सड़क पर खड़े सांड से स्कूटी टकरा गई। होम्योपैथिक डॉक्टर की मौत हो गई। महिला डॉक्टर शहर से आयुर्वेद हॉस्पिटल के हॉस्टल में वापस लौट रही थी। गली में अंधेरा होने के कारण सड़क पर खड़ा सांड दिखाई नहीं दिया। स्कूटी टकराते ही सांड की सींग डॉक्टर के गले में धंस गया। आसपास के लोग तुरंत डॉक्टर को श्रीराम हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने महिला डॉक्टर को मृत घोषित कर दिया। हादसा करवड़ थाना इलाके में टूंट की बाड़ी के पास यह हादसा हुआ। करवड़ थाने के जांच अधिकारी बंशीलाल ने बताया कि डॉक्टर इंडिया डागोर (25) पुत्री विजेंद्र सिंह आयुर्वेद हॉस्पिटल के होम्योपैथिक विभाग में तैनात थी। वह जोधपुर शहर से स्कूटी पर सवार होकर हॉस्टल जा



डॉ. इंडिया डागोर

रही थी। इसी दौरान टूंट की बाड़ी के पास सड़क पर अंधेरे में खड़े सांड से स्कूटी टकरा गई। डॉक्टर के गले में सांड का एक सींग लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें पहले श्रीराम हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बॉडी को मथुरादास माथुर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ज्यादा खून बहने से डॉक्टर की मौत हो गई।

### मां भारती ग्रुप ने किया गौ ग्रास पात्र का वितरण

**भीलवाड़ा।** संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरी महाराज के महामंडलेश्वर बनने, श्री शिव महापुराण कथा का एतिहासिक सफल आयोजन होने एवं गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग के समर्थन में चल रहे अभियान के उपलक्ष्य में मां भारती ग्रुप द्वारा सोमवार शाम निःशुल्क पानी की टंकिया एवं गौ ग्रास पात्र का वितरण किया गया। महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज के सानिध्य एवं संगठन की अध्यक्ष अलका जोशी की अध्यक्षता में संकटमोचन हनुमान मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम में संगठन द्वारा 105 पानी की सीमेंटड टंकिया एवं 25 गौ ग्रास पात्र का वितरण किया गया। महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए इस तरह की पहल को जीव दया की भावना से ओतप्रोत बताया।

## 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' में उमड़ा जनसमर्थन, 21 हजार हस्ताक्षरों के साथ सौंपा ज्ञापन

### संतों के सानिध्य में शांतिपूर्ण रैली; गौ संरक्षण और सख्त कानून की मांग

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़:** शहर में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। संतों के सानिध्य में निकली रैली के बाद एसडीएम कार्यालय में 21 हजार हस्ताक्षरों के साथ ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित है, जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध जैसी मांगें शामिल हैं। रैली की शुरुआत सुबह सुभाष चौक से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें संकीर्तन, प्रार्थना और जनजागरण के



माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। संतों और गोसेवकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य गौ संरक्षण को मजबूत करना और इस दिशा में ठोस सरकारी नीतियां बनवाना है। उन्होंने मांग रखी कि गौ रक्षा के लिए सख्त कानून बनाया जाए, गोतस्करी और गोहत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और जब्त वाहनों का उपयोग गोशालाओं के लिए किया जाए। इसके अलावा, गोबर और गोमूत्र आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने, गौशालाओं को मनरेगा से जोड़ने, बिजली बिल में राहत देने और निराश्रित गौवंश के लिए चारे की व्यवस्था जैसी मांगें भी रखी गईं। अभियान के जिला संयोजक गौरव सोमानी ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह अहिंसक रहा और समाज के सभी वर्गों ने इसमें भाग लिया। संत दिग्विजय राम, अनुज दास, रामपाल दास, महंत शिवरामदास महाराज, राघवनाथ जी और विनोद यति सहित कई संत मौजूद रहे।कार्यक्रम में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। अंत में डॉ. सुशीला लड्डा ने सभी संतों, अतिथियों और गौशाला समितियों का आभार जताया। आयोजकों ने बताया कि यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो 27 जुलाई को जिलेभर से बड़ी संख्या में गोभक्त फिर से एकत्रित होंगे।

**जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ेंगी, कई नए उपकरण खरीदने के फैसले**

# आरएमआरएस व सलाहकार समिति की बैठक में डायलिसिस, MRI, जनरेटर सहित कई प्रस्ताव मंजूर

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़:** जिला अस्पताल, महिला एवं बाल चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सोमवार को जिला कलक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने की, जबकि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी मौजूद रहे। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक में डायलिसिस यूनिट की व्यवस्था की समीक्षा की गई और इसे और बेहतर करने




के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को रोजाना डायलिसिस और व्यवस्थाओं की रिपोर्ट देने को कहा गया। जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्था मजबूत करने और मेडिकल कॉलेज के विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन की जरूरत पर भी चर्चा हुई। मेडिकल कॉलेज के लिए घोसुंडा डेम से पानी उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया, जिसे डीएमएफटी फंड से करवाने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा को देखते हुए नई MRI मशीन खरीदने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 500 केवीए जनरेटर, हिस्टोपैथोलॉजी लैब, डिजिटल एक्स-रे मशीन, इको कार्डियोग्राफी मशीन और डेंटल चेयर सहित कई जरूरी उपकरण खरीदने के प्रस्ताव मंजूर किए गए। ब्लड बैंक के लिए मोबाइल वाहन खरीदने की भी स्वीकृति दी गई। महिला एवं बाल चिकित्सालय में सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर बाउंड्रीवाल पर फेंसिंग, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रसूताओं को समय पर इलाज मिले, इसके लिए डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और शिकायतों के लिए अलग मोबाइल नंबर जारी करने को कहा गया। इसके अलावा अस्पताल में साफ-सफाई, अग्निशमन व्यवस्था, रंगरोगन, नालों की सफाई और मरीजों के परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था सुधारने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जन औषधि केंद्र खोलने, सुरक्षा गार्ड बढ़ाने, पार्किंग में ऑटोमैटिक बैरियर लगाने और अस्पताल परिसर में पौधारोपण व गार्डन व्यवस्था बेहतर करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद तिवारी, सीएमएचओ डॉ. ताराचंद्र गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## BJP Opens New District Office in Pratapgarh, Workers Show Enthusiasm

# Virtual inauguration held; leaders say new office will strengthen organisation and public service

FAIR REPORT

**Nimbahera-** A new district office of BJP was inaugurated on Monday at Arnod Road in Pratapgarh. The inauguration was done virtually by BJP national president (in-charge) Nitin Naveen from Tonk by unveiling the plaque. At the local event held at the district office, Nimbahera MLA and former minister Shrichand Kriplani was present as the chief guest. He also unveiled the plaque at the venue. Addressing the gathering, Kriplani said that BJP is not just a political party but a mission of nation-building based on the dedication of its workers. He said that a party office is not just a building, but a center of ideas, energy, and service for the people. He urged workers to use the new office as a place to solve public problems and serve society. He also mentioned party ideologues Dr. Shyama Prasad Mukherjee and Pandit Deendayal Upadhyaya, saying their ideas should guide the work of reaching development to the last person. He added that the strength of the organisation comes from the hard work of senior workers and democracy fighters. The program started with floral tribute and lamp lighting. District President Mahavir Singh Krishnavat welcomed the guests. The event was conducted by District General Secretary Narendra Giri Goswami, and the vote of thanks was given by Ravi Joshi. Many senior leaders, public representatives, and party workers were present at the event. The inauguration of the new office created excitement among workers, who believe it will give new direction and energy to party activities in the district.



# Collector Asks Officials to Improve Health Services, Ensure Quality Treatment



**Focus on anemia, TB drive and cleanliness; officials told to ensure schemes reach all**

FAIR REPORT

**Chittorgarh**: District Collector Dr Manju held a meeting of medical and block medical officers at the Zila Parishad hall on Monday and reviewed health services across the district. She directed officials to ensure better, accessible and quality healthcare at all hospitals and health centres. The Collector said providing timely and effective treatment to every patient is the administration's top priority. She asked officials to ensure proper treatment for all patients and maintain complete medical records of admitted patients for accurate care.

mDuring the meeting, special focus was given to child health. She directed officials to take anemia among children seriously and strictly follow the iron dose schedule. She also asked for regular height and weight monitoring of children at Anganwadi centres to identify malnutrition and anemia at an early stage. She reviewed the progress of the TB Free India campaign, Mukhyamantri Ayushman Arogya Yojana and vaccination programmes. Officials were instructed to meet targets and ensure benefits reach every eligible person. Reviewing infrastructure, the Collector directed that cleanliness be maintained at all health institutions and government buildings. She also instructed officials not to use unsafe buildings and to carry out repair work on priority. She further directed officials to take prompt action on public issues reported in newspapers and other platforms to ensure quick resolution and strengthen public trust. Additional District Collector Ramchandra Khatik, CMHO Dr Tarachand Gupta and other health officials were present.

## Stolen Aluminium Wires Seized During Highway Check: 6 Arrested

**2265 kg aluminium wires hidden in pickup; Santro car was escorting the vehicle**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Sadar Chittorgarh police seized 2265 kg of aluminium wires worth around Rs 10 lakh during a highway checking operation. In this case, 6 accused have been arrested. Police also seized a pickup vehicle used to transport the stolen goods and a Santro car used for escorting. The action was taken under a special campaign to catch wanted criminals involved in theft cases, as directed by SP Manish Tripathi. The team worked under the supervision of ASP Sarita Singh and DSP Brijesh Singh, led by SHO Prem Singh. On Sunday, police set up a checkpoint near Dhanet Kala on the highway. A pickup and a Santro car coming from Udaipur towards Jaipur were stopped. During checking, the pickup was found covered with khaki paper. When the cover was removed, large bundles of freshly cut aluminium wires were found. During questioning, the accused admitted that the wires were stolen. The Santro car was moving ahead to escort the pickup and help avoid police checking. Police seized the goods and arrested all 6 accused. All the arrested accused belong to different states. Anis (50) and Zaid (21) are from Vidisha (Madhya Pradesh). Salman Ali (33) and Sanjes (39) are from Kannauj (Uttar Pradesh). Sonu (27) is from Etawah (Uttar Pradesh), and Pawan (30) is from Morena (Madhya Pradesh). They were transporting the stolen wires in the pickup, while others were escorting in the car. Police are now investigating the wider network and possible involvement in other theft cases.

**India, New Zealand sign historic Free Trade Agreement**

**New Delhi**, India and New Zealand signed a historic Free Trade Agreement (FTA) here on Monday that removes tariffs on 100 per cent of India's exports to New Zealand, and either sharply reduces or removes tariffs on 95 per cent of the country's imports from New Zealand. The agreement was sealed in the presence of Commerce Minister Piyush Goyal and his New Zealand counterpart Todd McClay. The FTA, which concluded in a record nine months since its launch on March 16, 2025, marks a new chapter in the economic relations between the two countries.

## Public Representatives to Boost Gram Rath Campaign, Govt Schemes to Reach Every Village




**Review with 13 departments; Collector says make it a people's movement with strict monitoring**

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** The district administration is working to make the Gram Rath Campaign more effective by turning it into a public movement. On Monday, District Collector Dr. Manju held a review meeting through video conferencing with 13 departments and all block-level officers. The Collector said the campaign should not remain just an official activity but must involve people at every level. She emphasized that government welfare schemes will reach the last person only when public representatives actively participate. All Sub-Divisional Officers, Tehsildars and Development Officers have been asked to personally invite MLAs, Pradhans, Sarpanches and other local representatives to ensure their participation. For smooth execution, the CEO of Zila Parishad has been appointed as the nodal officer, while Sub-Divisional Officers will handle coordination in their respective areas. Officers have been asked to work in mission mode with proper coordination. To maintain transparency, daily activities will be verified by local Sarpanch, Gram Secretary or concerned officials. Suggestion boxes will also be placed in every Gram Rath to collect feedback from villagers. Under technical monitoring, live location of all raths and photos of programs will be uploaded on the DOMS app. Daily progress reports will be sent via email for continuous monitoring. The Collector also directed that drinking water, shade and first aid facilities must be arranged at every location. Proper arrangements for food, stay and security should be ensured for night halts, with police deployment if needed. Block-level officers must remain present during evening programs to ensure maximum public participation and awareness. During the meeting, CEO Vinay Pathak shared details about route plan, monitoring system and reporting process. Additional CEO Rakesh Purohit, SDM Beenu Deval and other officials were also present.

## Hindustan Zinc's Free Coaching Concludes: 159 Youth Benefited in 4 Months

**Students from 25+ villages prepared for competitive exams; officials guided them at closing event**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** A free coaching program for competitive exams, run for the last four months with the support of Hindustan Zinc and Anushka Group, has concluded. This year, 159 youth from more than 25 nearby villages took part and benefited from the coaching. At the closing event, District Education Officer Pramod Dashora, Security Head of Chanderiya Smelting Complex G. Malesham, and CSR Head Sundar Raj Naidu were present as chief guests. Members of the CSR team and Anushka Group were also present. Pramod Dashora encouraged students and said that success comes through hard work and continuous effort. He said challenges will come in life, but one should keep moving forward without giving up. G. Malesham also shared his life experiences and motivated the students. Anushka Group Secretary Rajeev Surana said that this free coaching has been running for the last 10 years at the Chanderiya location with the support of Hindustan Zinc, helping thousands of students from rural areas. Sundar Raj Naidu also advised students to use what they learned and move ahead towards their goals. The program was hosted by Kritika Sharma.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**